# प्रेस विज्ञप्ति

## सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

आज दिनांक 29 8 2019 को सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाया जाता है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के “स्वास्थ्य एवं खेल” विचार को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कई मंचों से विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस विचारधारा पर बढ़ते हुए सेंट जॉन्स में बैडमिंटन, हॉकी, बास्केटबॉल, स्केटिंग, आदि खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रॉनित, प्रज्वल, फरदीन, कार्तिक, मिलन, दिव्यांशु, पीयूष, प्रथम, सक्षम, वेदांत, वंश, लक्ष्य, और अक्षित को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जी ने सभी बच्चों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा भविष्य में भी अच्छी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अनुशासित रहते हुए अपने खेल को खेलना चाहिए। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

कार्यक्रम में खेल शिक्षक श्री रोहित लोपेज़ मैम निधि चौधरी एवं सर अल्फ्रेड मसीह का योगदान रहा।